F.No. 01/2020-Storage-II
Government of India
Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution
Department of Food and Public Distribution
(Storage-II Section)

Krishi Bhawan, New Delhi
Dated, the 22nd May, 2021

VACANCY CIRCULAR

Applications are invited for appointment to the post of whole time Chairperson in the Warehousing Development and Regulatory Authority, set up by Government of India under the provisions of the Warehousing (Development and Regulation) Act, 2007. The Chairperson of the Warehousing Development and Regulatory Authority is to perform such duties and functions and exercise such powers as prescribed under the Warehousing (Development and Regulation) Act, 2007 and the Rules and Regulations made there under. The Head Office of the Warehousing Development and Regulatory Authority is at New Delhi.

2. Scale of pay: The Chairperson of WDRA shall be paid a consolidated monthly pay package of Rs.4,50,000/-(Rupees four lakh and fifty thousand only) without house and car. Deduction in the pay of the amount of gross pension shall not be applicable.

3. Eligibility Criteria: (i) The candidates for the post of Chairperson should be persons of ability, integrity and standing who have wide knowledge and experience in inventory management, insurance, preservation, quality control, agriculture banking, finance, economics, law or administration.

(ii) Appointment shall be made from amongst persons who are holding or have held the post of:

a. Secretary to the Government of India; or

b. equivalent in pay scale to Secretary to the Government of India in an autonomous Body or research institution financed substantially by the Central Government or the State Government; or

c. Chairperson or Managing Director in Public Sector Undertakings classified under Schedule 'A' by the Department of Public Enterprises (Ministry of Heavy Industries and Public Enterprises);or

d. Chief Executive in large Public or Private Sector Finance Institution or Bank or Insurance Company; or

e. Chief Executive Officer of Private Sector Undertaking with comparable status of turnover vis-à-vis Schedule 'A' Public Sector Undertaking.

4. Age limit and tenure: The Chairperson, WDRA shall hold the office for a term not exceeding five years from the date on which he/she enters upon the office and shall be eligible for re-appointment, provided that no person shall hold office as Chairperson after he/she has attained the age of sixty five years. The Chairperson shall not concomitantly hold any other office.

5. **Deemed retired from Government Service**: A person who immediately before the date of assuming office as Chairperson of the WDRA, was in service of the Central Government, shall be deemed to have retired from the service on the date on which he/she enters upon office of such Chairperson.

6. The candidates who fulfill the eligibility criteria given above may send their applications in the prescribed proforma as given in Annex-I, together with attested photocopies of APAR's for the last 5 years, Integrity Certificate, Penalty Certificate for last ten years, Vigilance Clearance Certificate and self attested copies of supporting documents so as to reach the undersigned (Room No. 282, Krishi Bhawan, New Delhi) within 45 days from the date of publication in the Employment News/Rojgar Samachar. The candidates working in Government/PSUs/Autonomous Bodies etc. must send their application through proper channel along with self-attested copies of the supporting documents. Applications complete in all respect can also be sent through e-mail at usstg.fpd@nic.in within the aforesaid time-line. The Government reserves the right to reject any/or all applications received for the post of Chairperson without assigning any reason.

Person, who had applied for this post in response to vacancy circular published in the month of June, 2017, December, 2017 and May,2020, need to apply afresh if interested.

(Manmohan Kumar)
Under Secretary to the Government of India
Tel.No.2338 2240

To,

1. All Ministries/ Departments of the Government of India. Applications of eligible and willing officers may be forwarded to this Department alongwith attested photocopies of APAR's for the last 5 years, Integrity Certificate, Penalty Certificate for last ten years and Vigilance Clearance Certificate.

2. NIC, Department of Food & Public Distribution with the request to place the vacancy circular and the application format on the website of this Department.

Annex-I

APPLICATION FOR THE POST OF CHAIRPERSON IN WAREHOUSING DEVELOPMENT AND REGULATORY AUTHORITY

1. (a) Name (in Block letters)

(b) Present Address:

(c) Permanent Address

(d) Phone Numbers

(e) E-mail ID:

2. Father's Name

3. Date of Birth (in Christian era)

4. Nationality

5. Educational Qualifications

6. (a) Whether in service or retired at present.
(b) If in service, nature of present employment:
(ad hoc or temporary or permanent,
post held & organization).
(c) If retired, the date of retirement:

7. Details of Employment and work experience in chronological order.
(Enclose in a separate sheet).

S. No.	Office/ Instt/Orgn.	Post held	From	To	Scale of pay and basic pay etc.	Nature of duties

8. Details of experience, knowledge in the fields specified in 3(i) of vacancy circular:

9 Details of post held as specified in 3(ii) of vacancy circular:
If post held in PSU, please specify the schedule as classified by Department of Public Enterprises. If post held in Private Sector Company, please specify the turnover/status details vis-à-vis schedule 'A' PSU.

…/p.2

10. In case the present employment is held on Deputation/contract basis, please state:

a) The date of initial appointment

b) The period of appointment on deputation/ contract
c) Name of the parent office/organization to which you belong

11. Long term Training/Courses attended

12. Additional information, if any, in support of suitability for the post. Enclose a separate sheet if necessary.

13. Declaration:-

I certify that the foregoing information is correct and complete to the best of my knowledge and belief and nothing has been concealed/ distorted. If at any time, I am found to have concealed/distorted any material information, my appointment shall be liable to summary termination without notice.

(Signature of the candidate)

Date:
Place:

To be forwarded by the head of organization/Institution
(In respect of candidates working under Government/ Autonomous/Statutory/Public Sector Undertakings etc.)

Ministry/Department/Office of ____.

Particulars furnished by ____________________________ have been verified with reference to service records and their correctness certified.

It is certified that no vigilance case is either pending or contemplated against the above officer.

(Signature & Designation of the
Forwarding Officer with Seal)

Address:
Dated:

सं. 01/2020-भण्डारण-II

भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: अप्रैल, 2021

रिक्ति परिपत्र

भारत सरकार द्वारा भांडागारण (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के अंतर्गत गठित भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण (डब्ल्यूडीआरए) में पूर्णकालिक अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण (डब्ल्यूडीआरए) का अध्यक्ष उन कर्तव्यों एवं कार्यों का निर्वहन करेगा और उन शक्तियों का प्रयोग करेगा, जो भांडागारण (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2007 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों में निर्धारित हैं। भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

2. वेतनमान: भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष को आवास और कार के बिना 4,50,000/- रुपए (चार लाख पचास हजार रुपए केवल) के समेकित मासिक वेतन पैकेज का भुगतान किया जाएगा। वेतन से सकल पेंशन की राशि की कटौती लागू नहीं होगी।

3. पात्रता मानदंड: (i) अध्यक्ष के पद का अभ्यर्थी एक सुयोग्य, निष्ठावान एवं सुविज्ञ व्यक्ति होना चाहिए, जिसके पास मालसूची प्रबंधन, बीमा, परिरक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण, कृषि बैंकिंग, वित्त, अर्थशास्त्र, कानून अथवा प्रशासन का व्यापक ज्ञान और अनुभव हो।

(ii) नियुक्ति उन व्यक्तियों में से की जाएगी, जो निम्नलिखित पद धारण किए हुए हैं अथवा किए थे:

7. सचिव, भारत सरकार; अथवा
8. किसी स्वायत्त निकाय अथवा केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा पर्याप्ततः वित्तपोषित अनुसंधान संस्थान में सचिव, भारत सरकार के वेतनमान के समकक्ष; अथवा
9. लोक उद्यम विभाग (भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय) द्वारा अनुसूची “क” के अंतर्गत वर्गीकृत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अध्यक्ष अथवा प्रबंध निदेशक; अथवा
10. सर्वजनिक अथवा निजी क्षेत्र के बड़े वित्तीय संस्थान अथवा बैंक अथवा बीमा कम्पनी में मुख्य कार्यकारी; अथवा
11. अनुसूची “क” के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की तुलनीय स्थिति के कारोबार वाले निजी क्षेत्र के उपक्रम का मुख्य कार्यकारी अधिकारी।

4. आयु सीमा और कार्यकाल: भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण का अध्यक्ष अपना पदभार ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्ष से अनधिक कार्यकाल के लिए पद धारण करेगा और वह पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा, बशर्ते कि कोई व्यक्ति पैंसठ वर्ष की आयु होने के बाद अध्यक्ष का पद धारण नहीं करेगा। अध्यक्ष अपने पद के साथ कोई अन्य पद

धारण नहीं करेगा।

5. सरकारी सेवा से मानित सेवानिवृत्ति: कोई व्यक्ति जो भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष का पद धारण करने की तारीख से तत्काल पूर्व केन्द्रीय सरकार की सेवा में था, वह अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने की तारीख से सरकारी सेवा से निवृत्त माना जाएगा।

वे उम्मीदवार, जो उपर्युक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे अनुबंध-1 में दिये गए निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन सहायक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ भेजें, ताकि वह अधोहस्ताक्षरी (कमरा सं. 282, कृषि भवन, नई दिल्ली) के पास एम्प्लोयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिनों के भीतर पहुंच जाए। सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्तशासी निकायों आदि में कार्यरत आवेदकों को अपना आवेदन अपने विगत 5 वर्षों कि वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्टों की प्रमाणित फोटोप्रतियों, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, विगत दस वर्षो का दंड प्रमाण पत्र और सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र और सहायक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ उचित माध्यम से भेजना चाहिए। सभी तरह से पूर्ण आवेदन उपर्युक्त समय सीमा के भीतर ई-मेल द्वारा **usstg.fpd@nic.in** पर भी भेजा जा सकता है | सरकार के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी/प्राप्त सभी आवेदनों को अस्वीकृत करने का अधिकार है।

जिन व्यक्तियों ने माह जून, 2017 और दिसम्बर, 2017 में प्रकाशित रिक्ति परिपत्र के उत्तर में निर्धारित तारीख के भीतर इस पद के लिए आवेदन किया था, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता है।

(मनमोहन कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23382240

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग। अनुरोध है कि पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों के आवेदन उनकी विगत 5 वर्षों कि वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्टों की प्रमाणित फोटोप्रतियों, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, विगत दस वर्षो का दंड प्रमाण पत्र और सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र के साथ इस विभाग को अग्रेषित किए जाएं।

2. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग। अनुरोध है कि यह रिक्ति परिपत्र और आवेदन प्रपत्र विभाग कि वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जाए।

अनुबंध-1

भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष के पद हेतु आवेदन

1. (क) नाम (स्पष्ट अक्षरों में):

   (ख) वर्तमान पता:

   (ग) स्थायी पता:

   (घ) दूरभाष:

   (ङ) ई-मेल:

2. पिता का नाम

3. जन्मतिथि

4. राष्ट्रीयता

5. शैक्षणिक योग्यता

6. (क) क्या वर्तमान में सेवारत हैं अथवा सेवानिवृत्त हैं

   (ख) यदि सेवारत हैं, तो वर्तमान नियोजन का स्वरूप:

   (तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा स्थायी, धारित पद एवं संगठन)

   (ग) यदि सेवानिवृत्त हैं, तो सेवानिवृत्त कि तारीख:

7. कालक्रमानुसार नियोजन का ब्यौरा और कार्य अनुभव

   (कृपया अलग कागज पर लिखकर संलग्न करें)

क्रम सं.	कार्यालय/संस्थान/संगठन	धारित पद	से	तक	वेतनमान और मूल वेतन आदि	कार्य का स्वरूप

8. रिक्ति परिपत्र की मद सं. 3(1) में निर्दिष्ट क्षेत्रों में अनुभव, ज्ञान का ब्यौरा:

9. रिक्ति परिपत्र की मद सं. 3(1) में निर्दिष्ट पद का ब्यौरा

   यदि पद सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में धारित है,

   तो कृपया लोक उद्यम विभाग द्वारा वर्गीकृत अनुसूची निर्दिष्ट करें।

यदि पद निजी क्षेत्र की किसी कम्पनी में धारित है, तो अनुसूची “क” पीएसयू की तुलना में टर्न ओवर/दर्जा निर्दिष्ट करें।

10. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं:

7. आरंभिक नियुक्ति की तारीख
8. प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि
9. मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित हैं

11. दीर्घावधिक प्रशिक्षण/पाठ्यक्रम, जिसमें भाग लिया था

12. पद की उपयुक्तता के बारे में कोई अतिरिक्त सूचना।

यदि आवश्यक हो, तो कृपया अलग कागज पर लिखकर संलग्न करें।

13. घोषणा :-

मैं प्रमाणित करता हूं कि उपर्युक्त सूचना मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सही और पूर्ण है और कोई सूचना छुपाई/विकृत नहीं की गई है। यदि कभी यह पाया जाता है कि मैंने कोई तथ्यात्मक सूचना छुपाई/विकृत की है, तो मेरी नियुक्ति बिना किसी सूचना के तुरंत समाप्त की जा सकती है।

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

तारीख:

स्थान:

संगठन/संस्थान के प्रमुख द्वारा अग्रेषित किया जाए

(सरकार/स्वायत्तशासी/सांविधिक/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए)

मंत्रालय/विभाग/कार्यालय .... ।

श्री/सुश्री .... द्वारा प्रस्तुत ब्यौरे का सत्यापन उनके सेवा अभिलेख के संदर्भ में कर लिया गया है और उनकी सत्यता प्रमाणित की जाती है।

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता मामला लम्बित नहीं है और न ही चलाये जाने का विचार है।

(अग्रेषणकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर एवं पदनाम, मुहर सहित)

पता:

दिनांक: